हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 11 अगस्त 2025

06 बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थापना मांग को लेकर आदिवासी ...



07 कराहल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भुजरिया ...





## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 819.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 819.4 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 1069.1 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 627.5 मि.मी., जैसीनगर में 737.5 मि.मी., राहतगढ़ में 1069.1 मि.मी., बीना में 824.4 मि.मी., खुरई में 866.7 मि.मी, मालथौन में 791.3 मि.मी., बण्डा में 689.0 मि.मी, शाहगढ में 742.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 726.4 मि.मी, रहली में 682.2 मि.मी, देवरी में 1061.8 मि.मी. तथा केसली में 1013.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### मुख्यमंत्री कल्याणी योजना के माध्यम से प्रदान की गई राशि

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की संवेदनशीलता से 35 मुख्यमंत्री कल्याणी बहनों को दो लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना की क्रियान्वयन के संबंध में मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के माध्यम से 200000 रूपये की राशि प्रदान की जाती है इसी परिप्रेक्ष्य में सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से सागर जिले में 35 कल्याणी बहनों को 200000 के मान से 68 लाख 35 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई।

### पुलिस की दबिश में अवैध देशी शराब की गई जब्त

**देवास।** मुखबिर सूचना के आधार पर देवास पुलिस ने दबिश देकर 54 लीटर अवैध देशी शराब कीमती 24,000/- रुपये एवं 01 दो पहिया वाहन कीमत करीबन 20,000/- रुपये कुल 44,000/- हजार रुपये का मश्रुका जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। जिले में "ऑपरेशन प्रहार" के तहत अवैध शराब संबंधी अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम ने 09 अगस्त को चौकी प्रभारी चौबाराधीरा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम भुतिया बुजुर्ग तरफ जा रहा है, जिस पर पीलपरावा थाना प्रभारी सुबोध गौतम एवं चौकी प्रभारी चौबाराधीरा राकेश चौहान तत्काल मय फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये स्थान भुतिया बुजुर्ग तरफ जाने वाले रास्ते पर पहुंचे । जहां पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी अर्जुन पिता बाबुलाल गुर्जर उम्र 30 साल निवासी ग्राम रेहटी थाना पीपलरावां के कब्जे से कुल 54 लीटर देशी शराब कीमती 24,000/- रुपये एवं 01 दो पहिया वाहन कीमती 20,000/- हजार रुपये कुल 44,000/- रुपये का मश्रुका जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पीपलरावां में अपराध क्रमांक 268/2025 धारा 34(2) अबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया । उल्लेखनीय है कि देवास पुलिस द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के तहत 1 जनवरी 2025 से आज दिनांक तक 20,70,994/- रूपये की कुल 2891.12 लीटर अवैध शराब,05 चार पहिया वाहन टवेरा,स्कोडा,स्विफ्ट कार,बोलेरो कीमत 22 लाख रुपये एवं दो पहिया वाहन एक्टिवा, मोटरसाईकल, एच एफ डिलक्स) कीमत 3,97,000 रु जप्त की गई।

### ब्रह्म बंधुत्व द्वारा श्रावणी उपाकर्म आयोजन हुआ

**देवास।** यज्ञोपवीत धारको के सबसे बड़े पर्व श्रावणी उपाकर्म का आयोजन संस्था ब्रह्म बंधुत्व बीएनपी देवास द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पंडित, महासचिव राज कुमार शर्मा व वरिष्ठ समन्वयक रूपराम मिश्रा, चन्द्र शेखर दुबे ,मधुसूदन शर्मा ने बताया कि ज्ञात अज्ञात दोषों के निवारणार्थ एवं उनके शास्त्रोंक्त विधि से प्रायश्चित हेतु श्रावणी उपाकर्म प्रत्येक यज्ञोपवीत धारक के लिए आवश्यक है।

### मालथौन में हजारों बहनों से राखी बंधवाई भूपेन्द्र सिंह ने, कहा- नारी सशक्तिकरण का मजबूत आधार

# जब तक यह भाई जीवित है बहनों पर संकट नहीं आने देगा : पूर्वमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

यह रक्षासूत्र धागा मात्र नहीं है यह विश्वास और संकल्प का प्रतीक है कि जब तक उनका यह भाई जीवित है बहिनों पर कभी संकट नहीं आने देगा। यह नारी सशक्तिकरण का भी मजबूत आधार है। यह बात पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने रक्षाबंधन पर्व पर उन्हें राखी बाधने आईं बहिनों को संबोधित करते हुए कही।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि रक्षा बंधन हमारी प्राचीन संस्कृति से चला आ रहा पर्व है। महाभारत काल में भगवान श्री कृष्ण की घायल अंगुलि को अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़ कर बांधने वाली द्रौपदी के सम्मान की रक्षा भगवान श्री कृष्ण ने तब की थी जब कौरव द्रौपदी का चीर हरण करना चाहते थे। यह रक्षा सूत्र इसी अटूट भावना के संकल्प और विश्वास का धागा है। जब भी कोई चुनौती आती है तो बहिनें अपने भाई की रक्षा के लिए प्रार्थना करती हैं। युद्ध पर जा रहे भाई की सुरक्षा के लिए भी बहिनें राखी बांधती हैं। पूर्व गृहमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जब तक बहिनें भी बराबरी से आगे नहीं बढ़ेंगी तब तक समाज आगे नहीं बढ़ सकता। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बहिनों को हर प्रकार से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई और सफलतापूर्वक लागू की हैं। इस बार रक्षाबंधन पर 1500 रु लाडली बहिनों को मिले हैं, दीपावली से हर महीने 1500 रुपए हमारे मुख्यमंत्री डा मोहन यादव भेजेंगे।



पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि आज बहिनें किसी से कम नहीं हैं, वे भी भाइयों की सुरक्षा कर रही हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कुछ दिन पहले ही पहलगाम हमले में मारे गए भाइयों का बदला पाकिस्तान को सबक सिखा कर लिया है। उन्होंने बताया कि आदिवासी समाज की वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी कमलापति का उदाहरण हमारे सामने है। अपने बेटे को युद्ध पर भेज कर पराजय का संकेत पाकर रानी कमलापति ने अपने संकल्प के अनुसार जलसमाधि लैकर प्राण न्यौछावर कर दिए लेकिन मुगल शत्रु उन्हें छू भी नहीं सके। रानी अवंती बाई और रानी लक्ष्मीबाई, रानी अहिल्याबाई की वीरता और संकल्प को आज भी स्मरण किया जाता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह मां दुर्गा, माता पार्वती का देश है जिन्होंने राक्षसों का संहार किया। हम अपने देश को भी भारत माता का स्थान देते हैं और कन्याओं को देवी रूप में पूजते हैं। ऐसी मेरी सभी बहिनों का रक्षाबंधन की शुभकामनाओं के साथ अभिनंदन है। पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि यहां बहुत सी गरीब बहिनें बैठी हैं जिनके अधिकारों की मैं लड़ाई लड़ रहा हूं। मालथौन की आदिवासी समाज के अनेक परिवार ऐसे हैं जिनकी जमीनों पर कुछ लोगों द्वारा कब्जे किए गए हैं। दबाव और साजिशें करके गरीब आदिवासियों की जमीनों को लिखवा लिया गया है। मालथौन में हुए विकास कार्यों से यहां जमीनों की कीमत एक करोड़ रुपया एकड़ पहुंच चुकी है लेकिन बहुत से आदिवासी परिवारों ऐसे हैं जो ढाई तीन या पांच एकड़ जमीन के मालिक होने पर भी फटे कपड़े पहने मजदूरी कर रहे हैं। उनकी जमीनों पर जिनके कब्जे हैं वे आलीशान गाड़ियों में घूम रहे हैं। मालथौन में कुछ ऐसे लोग भी हैं जिनके पास 40/50 एकड़ सरकारी जमीनों पर कब्जे हैं। सरकारी जमीनों के प्लाट काट कर बेचते हैं। सरकारी जमीनों पर दूकानें बना कर किराये पर चला रहे हैं। अपनी बहिनों के सामने यह संकल्प है कि मैं एक एक इंच सरकारी जमीनों को कब्जे से मुक्त कराके गरीबों के आवास के लिए पट्टे बटवाऊंगा। सरकारी जमीनों पर बनी दूकानों का कब्जा नगर परिषद को दिलाऊंगा और वहीं उनका किराया जमा होगा। उन्होंने कहा कि लोगों के पास 30 बाय 30 फुट की रहने की जमीन नहीं वहां आधा आधा एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा करके कुछ लोगों के घर बने हैं। उन्होंने कहा कि जब तक आपका यह भाई जिंदा है एक एक इंच सरकारी जमीन से कब्जा हटवाऊंगा।

उन्होंने कहा कि मालथौन के एक परिवार से 20 एकड़ जमीन मुक्त कराई जा चुकी है, 20 एकड़ और सरकारी भूमि उसके कब्जे में बची है जिसे शीघ्र ही मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली आफिस के पास मुक्त कराई गई एक एकड़ सरकारी जमीन की फेंसिंग हो चुकी है उस पर नगर परिषद का कार्यालय बनाया जाएगा।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले दस साल में मैंने लोगों की जिंदगी बदल दी और कुछ लोग मेरे खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं। जब गरीबों के लिए लड़ाई लड़ते हैं तब षड्यंत्र शुरू हो जाते हैं। यहां मालथौन में पानी कुप्पियों में बिकता था। आज यहां कालेज, अस्पताल, स्टेडियम, आडिटोरियम, तहसील भवन, न्यायालय, कृषि उपज मंडी, पार्क, बसस्टैंड सब कुछ है। जिस मालथौन में पहले बच्चियों की शादियां करने लोग हिचकते थे आज यहां विकास के कारण जमीन की कीमत एक करोड़ रुपये पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि हमने यहां जो भी विकास किया वह गरीबों को ध्यान में रखते हुए किया है। दस हजार आवासीय पट्टे यहां बांटे गए हैं। और बांटे जाएंगे। उन्होंने बहिनों से कहा कि आपने मेरे हाथ पर जो रक्षासूत्र रखा है उससे मैं और दृढ़ संकल्पित हो गया हूं।

## पुरानी रंजिश पर युवक की हत्या, भाई घायल

**सागर।** सागर शहर के मोतीनगर थाना क्षेत्र के संत रविदास वार्ड में शनिवार रात एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मारपीट और बीच-बचाव में उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग एक युवक पर बेरहमी से हमला करते दिख रहे हैं। उसकी अस्पताल में मौत हुई। मृतक की पहचान अरविंद अहिरवार (30) निवासी संत रविदास वार्ड के रूप में हुई है, जो मजदूरी करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मृतक का छोटा भाई साहब अहिरवार अपने घर के पास संत रविदास मंदिर के बाहर बैठा था, तभी उसका विवाद रिश्तेदार जीवन लाल अहिरवार, प्रभु दास अहिरवार और कुछ अन्य लोगों से हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे अरविंद पर आरोपियों ने लोहे की रॉड और खपचे (सब्जी काटने की कैंची) से हमला कर दिया। इस दौरान मौजूद एक व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, दो आरोपी अब भी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।



## रक्षाबंधन पर गणनायक निवास पर अभिषेक भार्गव को सैकड़ों बहनों ने बांधी राखी

**गढाकोटा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैकड़ो बहनों ने विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के निवास पर आकर अभिषेक भार्गव को राखी बांधकर स्नेह और आशीर्वाद देकर दीर्घायु की कामना की। यह वही बहनें हैं जिनके गोपाल भार्गव ने पुण्य विवाह सम्मेलन में विवाह कराएं और कन्यादान लेकर पैर पूजे थे। इस मौके पर अभिषेक भार्गव ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं बल्कि भाई-बहन की अटूट विश्वास प्रेम का प्रतीक है । जो हमारे क्षेत्र की बहनों का हम पर है । भार्गव के हाथों में राखियों से लिपटे हुए देखकर भावुक और उत्साह पूर्ण माहौल था। अभिषेक भार्गव ने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उपहार भेंट कर पैर छुए। और आशीर्वाद लिया। घोघरा से आई मीना रजक, राधा, अंगूरी रजक ने बताया कि मेरी शादी 2015 में विवाह सम्मेलन में हुई थी । तभी से दीपू भैया को हर साल राखी बांधती आ रही हूं।



## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मधुकर शाह जी की समाधि स्थल पर साफ सफाई कर उन्हें नमन किया

**सागर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को सागर के ऐतिहासिक और गौरवशाली स्थलों में से एक—बुंदेली नायक, अमर शहीद मधुकर शाह जी के समाधि स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, कार्यक्रम जिला संयोजक जगन्नाथ गुरैया, मण्डल अध्यक्ष नीरज यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर समाधि परिसर में फैले कचरे को एकत्रित किया और परिसर को स्वच्छ जल से धोकर साफ-सुथरा बनाया। स्वच्छता उपरांत विधायक जैन और जिला अध्यक्ष तिवारी ने समाधि स्थल पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अमर शहीद को नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने मधुकर शाह जी के शौर्य और बलिदान की गाथाओं को स्मरण किया और कहा कि उनका जीवन राष्ट्रभक्ति और बलिदान की प्रेरणा देता है। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को दोपहर 3 बजे, मोती नगर चौराहा स्थित वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता डॉ. वीरेंद्र पाठक, सुखदेव मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता, पार्षद रूपेश यादव, रितेश तिवारी, नगर मण्डल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, नितिन सोनी, चेतराम अहिरवार, विक्रम सोनी, अंशुल हर्षे, सुमित यादव, नितिन साहू, दीपक दुबे, अमन गौतम, रघुनाथ पाराशर सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में सफलतापूर्वक हो रहा है कैंसर के मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर भी अब महानगरों की तर्ज पर कैंसर पीड़ितों का इलाज करने में सक्षम हो गया है हम बात कर रहे हैं सागर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में जहां 21 जून 2024 में महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर एवं अन्य कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए पिंक क्लिनिक की शुरुआत बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज की अध्यक्ष डॉक्टर अरुणा कुमार एवं डीन श्री पीएस ठाकुर के द्वारा मेडिकल कॉलेज की सर्जरी विभाग के डॉक्टर सुनील सक्सैना के द्वारा की गई थी।2024 से लेकर अब तक बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज की पिक क्लीनिक में 314 महिलाओं ने अपनी जांच कराई जिसमें बेस्ट कैंसर की शिकायत प्राप्त हुई डॉक्टर सुनील सक्सेना ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की अधिष्टाता डॉक्टर पीएस ठाकुर के द्वारा लगातार पिंक क्लिनिक को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ इसकी मॉनीटरिंग की गई एवं उन्हीं की मार्गदर्शन में यह पिंक क्लिनिक लगातार कार्य कर रही है। हम बता दें कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के



सर्जरी विभाग में महिलाओं के लिए अलग से शुरू की गई पिंक क्लीनिक को एक साल पूरे हो गए। बीएमसी प्रबंधन ने क्लीनिक पर आई महिलाओं के इलाज, जांच व ऑपरेशन के जानकारी प्रदान की। सर्जरी विभाग के डॉक्टर सुनील सक्सेना ने बताया कि महिलाओं के ब्रेस्ट की विभिन्न बीमारियों को लेकर क्लीनिक में 314 महिलाएं पहुंची, जिसमें से 56 महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की पुष्टि की गई। 56 में से 47 महिलाओं की स्थानीय स्तर पर सर्जरी की गई और उनकी जान बचाई गई।

सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील सक्सेना ने कहा कि इन कैसर मरीजों की जान इसलिए बच सकी कि महिलाएं समय रहते क्लीनिक पर जांच कराने पहुंची और कैंसर जैसी घातक बीमार का समय पर इलाज हो पाया। डॉ. सुनील सक्सेना ने बताया कि जांच में देरी से कैंसर शरीर में फैल जाता है, जिससे मरीज की समस्या बढ़ जाने पर उन्हें मुंबई, भोपाल व इंदौर ऑपरेशन के लिए भेजना पड़ता है। जिससे उन्हें आर्थिक रूप से भी काफी परेशान होना, इसके अलावा इलाज में जोखिम भी बढ़ जाता है।

डीन डॉ. पीएस ठाकुर ने कहा कि महिलाएं बेस्ट की बीमारियों को लेकर अक्सर कतराती हैं। इसलिए 21 जून 2024 को सेपरेट क्लीनिक खोली थी। जहां अधिकांश स्टाफ महिलाएं हैं। हर उम्र की महिलाएं व युवतियां पहुंचती हैं। जहां सिर्फ ब्रेस्ट की गठानों व अन्य समस्याओं का समाधान डॉक्टर्स करते हैं। प्रत्येक बुधवार सुबह 10.30 से दोपहर 1 बजे तक क्लीनिक खुलती है।

## खुरई विधानसभा क्षेत्र में 11 से 14 अगस्त तक निकलेगी भाजपा की तिरंगा यात्रा

**सागर।** खुरई विधानसभा क्षेत्र में 11 से 14 अगस्त तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह 12 अगस्त मंगलवार को मालथौन में और 14 अगस्त गुरुवार को खुरई में खुरई नगर, ग्रामीण व धनोरा मंडल की संयुक्त तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करेंगे। भाजपा युवा नेता अविराज सिंह 11 अगस्त सोमवार को बांदरी में और 13 अगस्त बुधवार को बरोदिया कलां में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करेंगे। ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश वासियों से हर घर तिरंगा और देश की सेना के शौर्य, पराक्रम और सम्मान में आगामी 10 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रायें निकालने का आह्वान किया है। इसी के उपलक्ष्य में खुरई विधानसभा क्षेत्र में हर घर तिरंगा और मंडल मुख्यालयों पर तिरंगा यात्राओं को लेकर शक्ति केन्द्र स्तर पर बैठकों का दौर जारी है। पिछले 5 एवं 6 अगस्त को सभी मंडलों की बैठकें इस अभियान को लेकर विधानसभा क्षेत्र खुरई में संपन्न हो चुकीं है। पूर्व मंत्री व विधायक खुरई भूपेन्द्र सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र वासियों से इन कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया है।



## नपाध्यक्ष मनोज तिवारी ने श्रमदान किया

**गढाकोटा।** दीनदयाल वार्ड में कच्ची रोड होने के कारण वार्डवासियों को समस्या का सामना करना पड़ता था। दीनदयाल वार्ड से पार्षद देवेंद्र यादव ने जैसे ही नपाध्यक्ष मनोज तिवारी को इस समस्या से अवगत कराया तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से न.पा. परिषद् के माध्यम से गिट्टी और मुरम की व्यवस्था करवाई और सभी वार्डवासियों के साथ मिलकर श्रम दान कर रोड का निर्माण करवाया। यह सहयोग की भावना सभी वार्डवासियों के मध्य बनी रहे ।

### कार्यक्रम को लक्ष्य तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की सामूहिक जवाबदारीः विक्रम सोनी

# भारतीय जनता पार्टी सागर नगर मण्डल की बैठक सम्पन्न, हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान में जुटें कार्यकर्ताः अमित बैसाखिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

भारतीय जनता पार्टी सागर नगर मंडल की बैठक रविवार को संभागीय भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विक्रम सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, सोशल मीडिया विभाग जिला संयोजक अंशुल परिहार आई.टी.विभाग जिला संयोजक बाल किशन सोनी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री नितिन सोनी एवं पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों की की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया ने कहा की संगठन के निर्देशानुसार मण्डल स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है। इस यात्रा में मंडल में निवासरत पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ साथ आमजनों की



सहभागिता सुनिश्चित हो सर्व प्रथम स्वयं के निवास व प्रतिष्ठान पर तिरंगा लगाकर शक्तिकेंद्र के पदाधिकारी व पार्षद सामूहिक रूप से टोली बनाकर शक्ति केंद्र के प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठान पर तिरंगा लगाए एवं स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाएं। शक्ति केंद्र ध्वजारोहण हेतु स्थान सुनिश्चित करें व स्वतंत्रता दिवस पर आयोजन हेतु स्थानीय टोली गठित करें। श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की पुण्यतिथि एवं कुशाभाऊ ठाकरे जी की जन्मजयंती पर सभी बूथों पर प्रभावी कार्यक्रम आयोजित हो। सभी कार्यक्रमों के लिए पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता कार्यक्रमों को सफल बनाने प्राण प्रण से जुटें।

पूर्व मण्डल अध्यक्ष विक्रम सोनी ने कहा कि संगठन द्वारा प्रदत्त सभी कार्यक्रमों को संगठन की मंशाअनुरूप लक्ष्य तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता निर्धारित कार्ययोजना अनुसार तैयारियों में जुट जाएँ।

बैठक में अंशुल परिहार एवं बाल किशन सोनी ने जानकारी दी। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री गोपी पंथी एवं आभार नितिन सोनी ने व्यक्त किया। बैठक में अंशुल हर्षे, गोपी चंद पंथी, गुड्डा खटीक, पंकज भट्ट, धर्मेंद्र रजक, शिवा यादव, जुगल प्रजापति, चंचल विश्वकर्मा, नीरज गोलू कोरी, पराग जैन, भारत माते, अमरदीप वाल्मीकि , राधेश्याम सोनी, अमन चौरसिया, शारदा कोरी, दीपा रैकवार, जय श्री रैकवार, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## श्रावणी उपाकर्म : बेबस नदी के तट पर पांच घंटे गुंजायमान रहे वेदमंत्र

**सागर।** बेबस नदी के चितौरा घाट पर पांच घंटे वेदमन्त्र गूंजते रहे अवसर था ब्राह्मणों के श्रावणी उपाकर्म का जिसमें क्षेत्र के प्रतिष्ठित बड़े बड़े विद्वान एकत्रित हुए सनातन वैदिक और ऋषि परंपरा में चार प्रमुख त्योहार चार वर्णों में विभक्त किए गए है जिनमें श्रावणी ब्राह्मण,दशहरा क्षत्रिय,दीपावली वैश्य और होली शूद्र वर्ण का त्योहार माना जाता है।श्रावण पूर्णिमा पर श्रावणी का पर्व मनाया जाता है इसमें ब्राह्मण अपने तेज तप को जाग्रत करते हैं।सागर में बेबस नदी के तट चितौरा घाट पर वयोवृद्ध पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के संभागीय अध्यक्ष पं.राजेंद्रप्रसाद पाण्डेय सानौधा के निर्देशन और पं.रामेश्वरप्रसाद तिवारी बंडा के आचार्यत्व में कल शनिवार को पुजारी पुरोहित विद्वतजन और ब्राह्मण समाज के लोग प्रातःकाल से जुटे लगभग पांच घंटे श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम चला।

धाम में सपरिवार दर्शनकर जानी महिमा, विकास का भरोसा और आस्था का संदेश

# सिद्ध शक्तिपीठ रूप में मान्यता प्राप्त मंदिर बगाजमाता पहुंचे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

आस्था और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का अनोखा संगम उस समय देखने को मिला जब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय रविवार को सपरिवार सिद्ध शक्तिपीठ बगाज माता मंदिर दर्शन करने पहुंचे। आस्था रूप में कलेक्टर श्रोत्रिय ने सपरिवार बगाज माता के पावन दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इसके बाद प्रशासनिक प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए उन्होंने मंदिर की महिमा के बारे में जानकारी ली और मंदिर के धरोहर और विकास संभावनाओ को टटोलना प्रारंभ किया। दर्शन के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने क्षेत्र के लोगों से बातचीत की और बगाज माता मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

**धार्मिक आस्था व सांस्कृतिक धरोहर बगाजमाता मंदिर का होगा विकासःकलेक्टर**

उन्होंने कहा कि यह सिद्ध शक्तिपीठ धाम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि जिले की सांस्कृतिक धरोहर भी है, इसलिए इसके संरक्षण और विकास की दिशा में कार्य योजना शीघ्र तैयार की जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट शब्दों में भरोसा दिया कि मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाएंगे, जिनमें यात्री सुविधाओं का विस्तार, सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण शामिल होगा। शासन से स्वीकृति लेकर कार्यों को जल्द शुरू किया जाएगा, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सौंदर्यपूर्ण वातावरण मिले।

**जनता ने कलेक्टर के कार्यो की सराहना कर की जज्बे की तारीफ**

मौके पर मौजूद श्रद्धालु और क्षेत्रवासी कलेक्टर श्रोत्रिय के इस दौरे से बेहद प्रसन्न दिखे। लोगों ने कहा कि जिले में पहली बार ऐसा कलेक्टर आया है, जो जनता की समस्याओं को न केवल सुनता है, बल्कि उनके समाधान के लिए तुरंत कदम भी उठाता है। क्षेत्रवासियों ने उनके सरल, मिलनसार और जनहितकारी स्वभाव की जमकर सराहना की। इस दौरान मंदिर संचालन समिति अध्यक्ष मनीराम मेहदेले, पठा सरपंच जयराम राय, अजनौर सरपंच भज्जू लोधी, कमल सिंह ठाकुर, सीताराम लोधी, रूप सिंह लोधी, शिवसहाय तिवारी, मानक लोधी सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

### बगाज माता मंदिर की चमत्कारिक कहानी लेखिका प्रीति सिंह की जुबानी

जिले की प्रशिद्ध लेखिका व उपभोक्ता फोरम न्यायालय की सदस्य डॉ प्रीति सुरेंद्र सिंह परमार ने बगाज माता मंदिर के बारे में ऐतिहासिक जानकारी देते हुए बताया कि बगाज अर्थात सरस्वती जिसे बुंदेली में बगाज कहते हैं। बगाज यानी वाग्देवी भी होता है। जिला मुख्यालय से बुडेरा मार्ग पर वकपुरा नामक गांव में हरी-भरी पहाड़ियों के बीच सरस्वती माता का मंदिर है। यह मंदिर कितना पुराना है इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। मान्यता है कि सरस्वती माता मैहर जाने से पहले यही प्रकट हुई थी इसलिए यहां पर प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थी, संत, भक्त और पर्यटक आते हैं और यहाँ धार्मिक अनुष्ठान भी होते रहते हैं। मंदिर में छोटी मूर्ति रूप में बगाज माता विराजमान है जो माता सरस्वती का प्रतीक है दूसरी और गुफा में मां वैष्णो देवी मंदिर है यहां पर्यटक आकर रुक भी सकते हैं। उन्होंने बताया कि बगाज माता एक ऐसा चमत्कारिक मंदिर है जहां जहरीले सांप बिच्छू के काटने से तुरंत राहत मिलती है। मंदिर में पहुंचने पर जहरीले सांप बिच्छू का विष अपने आप उतर जाता है। कहते हैं यहां पर कदम रखना ही असाध्य बीमारी में औषधि का काम करता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि यहां कोई झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र नहीं होता बल्कि यह वर्षो से चली रही श्रद्धा और विश्वास की परंपरा है। कहते हैं जहां विज्ञान है वहां चमत्कार भी है और ऐसा ही चमत्कार बुंदेलखंड के टीकमगढ़ जिले में बगाज माता मंदिर में होता है। बुंदेलखंड का यह प्रसिद्ध बगाज माता मंदिर प्राकृतिक सुंदरता एवं शांति पूर्ण वातावरण में घिरा हुआ ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। जहाँ लोगो की मन्नतें पूर्ण होती हैं। मनोकामनाएं पूरी होने पर श्रद्धालूजन अपनी श्रद्धा के अनुसार परिक्रमा पूर्ण कर माता को चुनरी, प्रसाद, फल आदि अर्पित करते हैं। सुहाग का सामान चढ़ाते हैं। कुछ लोग मनोकामनाएं पूरी होने पर जवारे चढ़ाने आते हैं। नवरात्रि में यहां दो चार लाख से कम की भीड़ नहीं रहती। लोग अपनी-अपनी मन्नत के साथ जवारे विसर्जन करने आते हैं। नवरात्रि में यहां जनमानस का ताता लगा रहता है।

धसान नदी पर निर्माणाधीन पुल से बाईक समेत गिरकर युवक की मौत

# ग्रामीणों द्वारा बेरीकेट हटाना हुआ बाईक सवार के लिए जानलेवा साबित





हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

जिले के पलेरा थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा पलेरा-देरी रोड स्थित धसान नदी के पुल पर हुआ जहां बछोरा गांव निवासी देवेंद्र राय अपनी बाइक सहित पुल से नीचे गिर गया। यह हादसा तब हुआ जब देवेंद्र राखी के अवसर पर अपनी बहन के घर रमसगरा गांव जा रहा था। लेकिन निर्माणाधीन पुल पर बेरीकेट न लगे होने से बाईक सवार देवेंद्र को ये पता नहीं चला कि आगे रास्ता टूटी हुई है। जिसकी बजह से देवेंद्र बाईक समेत नदी में जा गिरा। जबकि प्रशासन द्वारा निर्माणाधीन पुल पर बेरीकेट्स लगाए गये थे जिसके सबूत के तौर पर प्रशासन ने वीडियो भी जारी किये। लेकिन स्थानीय लोग बार बार इन बेरीकेट को हटाकर अपना आवागमन जारी रखे हुए थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुल का एक हिस्सा हाल ही में हुई तेज बारिश और बाढ़ के कारण बह गया था। लेकिन इस बात से अनजान बाईक सवार देबेन्द्र को रात के अंधेरे में पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से का पता नहीं चला और वह बाइक सहित सीधे नदी में गिर गया। अगलें दिन रविवार सुबह स्थानीय प्रशासन और पलेरा थाना पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर नदी से देवेंद्र का शव और उसकी बाइक बरामद की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। गरौली पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंछोरा गांव के इस युवक की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**बेरीकेट हटाने की गलती का ठीकरा फोडा प्रशासन पर-** स्थानीय लोगो ने ग्रामीणों द्वारा बार बार बेरीकेट हटाने की गलती को नजरअंदाज करते हुए प्रशासन पर ही ठीकरा फोड़ते हुए आरोप लगाया कि पुल के दोनों ओर न तो बैरिकेड लगाए गए थे और न ही किसी तरह का चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने उक्त घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुल पर समय रहते सुरक्षा इंतजाम किए जाते, तो यह हादसा टल सकता था। उन्होंने मांग की है कि क्षतिग्रस्त पुलों और सड़कों पर तुरंत चेतावनी संकेत और बैरिकेड लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से जान-माल का नुकसान न हो। जबकि प्रशासनिक अधिकारियो ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि निर्माणाधीन पुल पर बेरीकेट लगाए थे लेकिन ग्रामीणों द्वारा बार बार बेरीकेट हटाये गये।

## ग्राम धनेरा में अवैध मदिरा के विरूद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी पतरस बड़ा के निर्देशन व सहायक जिला आबकारी अधिकारी हसनलाल गोहिया के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर अवैध मदिरा के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले के खरगापुर थाना अंतर्गत ग्राम धनेरा में मुखविर की सूचना पर राजेन्द्र अहिरवार उम्र 24 वर्ष निवासी धनेरा, सूरज यादव उम्र 29 निवासी धनेरा, सुनील यादव उम्र 24 निवासी धनेरा के कब्जे से 17 पेटी कुल 850 पाव देशी मदिरा प्लेन अबैध शराब जप्त की गई। जिसकी कीमत लगभग 53 हजार 550 रूपये आँकी गई है। उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक विजय सिंह एवं आबकारी आरक्षक महेन्द्र राय, व यशपाल सिंह



शामिल रहे। आरोपी राजेन्द्र अहिरवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जबकि सूरज यादव और सुनील यादव मौके से फरार हो गये।

मदन सागर तालाब में नौका विहार से निकली अनोखी यात्रा

# कलेक्टर का तिरंगा अभियान, दुकानों, मंदिरों और सीने पर ध्वज चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

आजादी के 78वें वर्षगांठ का उत्सव जिले में इस बार एक अलग ही अंदाज में मनाने को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तिरंगा अभियान संचालित किये हुए हैं। जिसमें जिलेभर में प्रत्येक प्रमुख स्थलों, भीड़भाड़ स्थलों, धार्मिक स्थलों, प्रतिष्ठानों पर देश की शान तिरंगा फहराया जा रहा है। कुंडेश्वर मंदिर में तो ट्रस्ट पदाधिकारियों व सदस्यों के सीने पर तिरंगा ध्वज चिन्ह लगाया जा रहा है। बही दूसरी ओर जतारा के ऐतिहासिक तालाब में अनोखी तिरंगा वोट यात्रा का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनता को तिरंगा व देशभक्ति के जोश को दोगुना करना है।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा इस बार स्वतन्त्रता दिवस के पूर्व दिनों को तिरंगामय करके अलग अंदाज में स्वतन्त्रता दिवस मनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिले के प्रशिद्ध कुंडेश्वर मंदिर में प्रत्येक मिठाई की दुकानो पर तिरंगा





लगाया गया है। साथ ही मंदिर के ऊपरी शिखर पर ध्वज के साथ तिरंगा ध्वज भी लगाया गया है। इसके अलाबा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष द्वारा मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों, सदस्यों को भी सीने पर ध्वज चिन्ह लगाया गया है। जिले के जतारा नगर का ऐतिहासिक मदन सागर तालाब तो रविवार के दिन देशभक्ति के रंगों से तब सराबोर हो उठा, जब नौका विहार के माध्यम से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन और नगर परिषद जतारा अध्यक्ष रामजी नायक के नेतृत्व में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत किया गया। सुबह से ही तालाब किनारे देशभक्ति का जोश देखने लायक था। नौकाओं को तिरंगे, फूलों और रंग-बिरंगे पताकाओं से सजाया गया। हर नाव पर तिरंगा लहरा रहा था और लहरों की ताल पर नौकाएं मानो भारत माता को नमन कर रही थीं। देशभक्ति गीतों की मधुर धुनें और भारत माता की जय, वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे वातावरण को रोमांच से भर रहे थे। इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने के लिए स्थानीय नागरिक, युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में पहुंचे। नौका विहार करते हुए प्रतिभागियों ने न केवल आजादी के अमर बलिदानियों को नमन किया, बल्कि स्वच्छता के संकल्प को भी दोहराया।

रैली व प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

# बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थापना मांग को लेकर आदिवासी समाज का हल्लाबोल



**टीकमगढ़।** विश्व आदिवासी दिवस के दूसरे दिन रविवार को जिले में आदिवासी समाज ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे, डमरू और ढोल की थाप पर कदमताल करते सैकड़ों आदिवासी पुरुष, महिलाएं और युवा नजरबाग से कलेक्टोरेट तक रैली के रूप में निकले। रैली के दौरान बिरसा मुंडा अमर रहें के गगनभेदी नारों ने पूरे मार्ग को गुंजायमान कर दिया। कलेक्टोरेट पहुंचकर समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रमुख मांग के रूप में कहा गया कि रेलवे स्टेशन तिराहे पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी समाज के प्रेरणास्त्रोत बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाए। नेताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा उनके आराध्य हैं, और उनकी प्रतिमा लगने से पूरे समाज को न केवल सम्मान मिलेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। रैली का नेतृत्व कर रहे आदिवासी नेता मुन्ना लाल आदिवासी ने कहा कि वे वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने वर्ष 2006 से वन भूमि पर काबिज आदिवासियों को तुरंत पट्टे देने की मांग उठाई, ताकि वे अपनी जमीन पर कानूनी हक पा सकें। साथ ही उन्होंने उन लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की, जो स्टांप पेपर पर आदिवासियों की जमीन खरीदकर धोखाधड़ी कर रहे हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पर युवक पड़ा था गंभीर घायल

# एम्बुलेंस में देरी को देख बीएमओ ने अपने वाहन से अस्पताल भेजा घायल बाईक सवार



**टीकमगढ़।** शनिवार शाम करीब 6 बजे टीकमगढ़-बल्देवगढ़ मुख्य मार्ग पर करमासन नदी के घाट के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम रमपुरा थाना कुडीला निवासी 25 वर्षीय जगभान लोधी अपने साथी के साथ बाइक से जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सड़क किनारे जा गिरी और जगभान गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगा, जबकि उसके साथी को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर तो जुटकर वीडियो तक बनाने लगे लेकिन किसी ने घायल की मदद नहीं की। गंभीर रूप से घायल जगभान दर्द से कराहता रहा। इसी बीच संयोग से बल्देवगढ़ के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर वीएमओ डॉ. अंकित त्रिपाठी वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने तुरंत अपना सरकारी वाहन रोका, घटनास्थल पर पहुंचे और घायल जगभान की हालत का जायजा लिया। बीएमओ डॉ. त्रिपाठी ने तत्काल 108 एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। स्थिति की गंभीरता देखते हुए बीएमओ त्रिपाठी ने बिना समय गंवाए अपने ही सरकारी वाहन में घायल जगभान को बैठाया और जिला अस्पताल रवाना हो गए। शाम करीब पौने 7 बजे वे घायल जगभान को लेकर जिला अस्पताल पहुँचे, जहां डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। बीएमओ डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि युवक जगभान के चेहरे और हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई हैं जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं, पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि टक्कर किस वाहन ने मारी थी। स्थानीय लोगों ने हादसे के समय बीएमओ डॉ त्रिपाठी द्वारा मानबीयता का परिचय देते हुए घायल जगभान की त्वरित मदद किये जाने की सराहना करते हुए कहा कि अगर वे समय पर आगे नहीं आते तो घायल जगभान की स्थिति और बिगड़ सकती थी।

जिले में संभाग समन्वयक ने नर्सरी निरीक्षण कर की सराहना

# एक पेड़ मां के नाम बन चुकी है हरियाली की अनूठी पहलः जया

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़।

मातृ-प्रेम और प्रकृति-संरक्षण को एक साथ जोड़ने वाला अनूठा अभियान एक पेड़ माँ के नाम रविवार को ग्राम पंचायत शिवपुरी सेक्टर कुंडेश्वर में आयोजित हुआ। जिसके दौरान विशेष रूप में उपस्थित जन अभियान परिषद की निकाय सदस्य डॉ. जया श्रीवास्तव ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान हरियाली के लिए अनूठी पहल बन चुका है। जिसके तहत कार्य करते हुए हम प्रकृति को पुनः हरियालीयुक्त कर सकते हैं और ग्लोबल वोर्मिंग के खतरे को काफी हद तक कम करने का प्रयास कर सकते है। उक्त कार्यक्रम का



आयोजन नवांकुर संस्था एवं सुदर्शन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों से लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं तक सभी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की निकाय सदस्य डॉ. जया श्रीवास्तव, सागर संभाग समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया, जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार, नवांकुर संस्था प्रमुख आलोक गुप्ता, सीएमसीएलडीपी छात्र, एवं ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस विशेष अवसर पर कुल 10 पौधों का रोपण किया गया, जिन्हें माताओं के सम्मान और उनके प्रति कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में लगाया गया। पौधरोपण के समय उपस्थित महिलाओं और युवाओं ने संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल उसी तरह करेंगे जैसे कोई अपनी संतान की करता है। कार्यक्रम के दौरान सागर संभाग समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया ने संस्था द्वारा संचालित नर्सरी का निरीक्षण किया। उन्होंने पौधों की देखभाल, प्रजातियों की विविधता और संरक्षित वातावरण की प्रशंसा की।

## पुलिस व जेल प्रशासन ने जेल में सजाया रक्षाबंधन का मानवीय मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़।

रक्षाबंधन के पावन अवसर जिला जेल में एक भावनात्मक और मानवीय दृश्य देखने को मिला, जब पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कानून के साथ-साथ करुणा और सुधार का संदेश देते हुए कैदियों के बीच जाकर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर उन्होंने न केवल कैदियों को नशामुक्त और गरिमामय जीवन जीने की प्रेरणा दी, बल्कि महिला कैदियों से राखी बंधवाकर भाई-बहन के स्नेह का पर्व भी मनाया।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने जेल अधीक्षक, जेलर, पुलिस बल और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ कैदियों की आवासीय व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता और चिकित्सा सुविधाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा कैदियों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और इन्हें और अधिक मानवीय दृष्टिकोण से संचालित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में एसपी मंडलोई ने कैदियों को नशे के घातक परिणामों के बारे में सचेत करते हुए कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन को नष्ट करता है, बल्कि सामाजिक, पारिवारिक और कानूनी पतन की ओर भी ले जाता है। एसपी मंडलोई ने कहा कि नशे से दूरी बनाना ही सकारात्मक जीवन, आत्मसम्मान व मानसिक शांति की ओर पहला कदम होता है। उन्होंने कैदियों को नशा छोड़ने और जेल से रिहा होने के बाद शांतिपूर्ण, कानूनसम्मत और सम्मानजनक जीवन जीने की शपथ दिलाई।

# नशे से दूरी ही आत्मसम्मान, सकारात्मकता व मनोशांति की ओर पहला कदमः एसपी





भाई-बहन के इस पवित्र पर्व पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने जेल के महिला बार्ड में पहुंचकर महिला कैदियों से राखी बंधवाकर मिठाई का आदान-प्रदान किया। उन्होंने महिला कैदियों से आत्मीय बातचीत कर उन्हें अपराध से दूर रहने और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की प्रेरणा दी। इस भावुक क्षण ने जेल परिसर का माहौल और भी मानवीय और सौहार्दपूर्ण बना दिया। इसी क्रम में, महिला पुलिस बल ने भी पुरुष कैदियों को राखी बांधकर भाई-बहन के रिश्ते की डोर मजबूत की। तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर सभी ने पर्व की खुशियां साझा कीं। इस आयोजन में जेल अधीक्षक युजवल, जेलर शुक्ला, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, ट्रैफिक प्रभारी कैलाश पटेल, जिला जेल का बल और जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### मानपुर में चीतों को ग्रामीणों के साथ कुत्ता भी दिखा खदेड़ता

# क्या भारतीय परिवेश में पालतू हो गया जंगल का सबसे तेज शिकारी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

क्या नामीबिया और अफ्रीका से आने के बाद कूनो नेशनल पार्क में अधिक समय तक की गई आवभगत से धरती का सबसे तेज़ शिकारी (चीता) पालतू हो गया है?, यह आशंका इसलिए उत्पन्न हो रही है कि अपना पेट भरने के लिए जंगल में पर्याप्त मात्रा में मौजूद हिरण चिंकारा मौजूद होते हुए भी दौड़ भागकर उनका शिकार करने के बजाए गांवों खेतों में विचरण करने वाले ओर घरों में बंधे मवेशियों को बार बार शिकार बनाने के चलते उत्पन्न हुई है। आश्चर्य की बात तो यह है कि गांवों में प्रवेश करने वाले चीतों को न तो इंसानों का खौफ है और न ग्रामीण इनसे खुद को खतरा मान रहे हैं, रविवार को जहां दो चीते मानपुर क्षेत्र में देखे गए जिनका चौंकाने वाला वीडियो भी वायरल हो रहा है चौंकाने वाला इसलिए क्योंकि वीडियो में ग्रामीण चीतों को डंडों से हांकते दिखाई पड़ रहे हैं मज़े की बात तो यह है कि चीतों को हांक रहे ग्रामीणों में एक करीब 12 साल का बच्चा भी दिखाई पड़ रहा है। इससे पहले भी चीतों को मानव बस्ती के पास आराम से विचरण करते ओर लोग उनके साथ सेल्फी लेते हुए दिखाई दिए हैं।

रविवार को एक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसे मानपुर क्षेत्र का बताया जा रहा है वीडियो में कुछ ग्रामीण जिनमें एक करीब 12 साल का बच्चा भी शामिल है डंडा लेकर चीतों को भगाते दिखाई पड़ रहे हैं। ग्रामीणों के साथ एक कुत्ता भी है जो चीतों पर भोंक कर उन्हें गांव से बाहर निकालता दिखाई पड़ रहा है। ग्रामीण चीतों को ऐसे भगा रहे हैं जैसे वह कोई खूंखार जंगली जानवर न होकर भेड़ बकरी गाय भैंस जैसा पालतू मवेशी हो। अभी तक कूनो नेशनल पार्क के आसपास जंगली क्षेत्र के गांव में चीतों की आमद दिखाई पड़ती रही है लेकिन मानपुर जैसे क्षेत्र में जहां रणथंभोर (राजस्थान) से तो टाइगर के आने की संभावना बनी रहती है लेकिन चीतों का इतना लंबा सफ़र तय कर पहुंचना न मुमकिन तो नहीं पर आश्चर्यजनक जरूर है। हालांकि इस मामले में कूनो प्रशासन ने चीतों के अभ्यारण से भटक जाने की बात को स्वीकारते हुए अपने उन पर निगरानी रखने का दावा भी किया है और वीडियो में दिख रहे ग्रामीणों को चीता मित्र बताने का प्रयास भी किया जा रहा है लेकिन कूनो प्रशासन के इस दावे पर इसलिए विश्वास कम है क्योंकि मानपुर कूनो से दूरस्थ क्षेत्र में चीता मित्र होना ही समझ से परे है। ऐसा लगता है कि लाख प्रयास के बाद भी कूनो प्रशासन चीतों कूनो परिवेश में घुलने मिलाने में सफल नहीं हो सका है।



#### इसी सप्ताह एक के आंगन में किया था बछड़े का शिकार

इसी सप्ताह 6 अगस्त को कराहल विकासखंड की जाखदा ग्राम पंचायत के हसनपुर गांव में चीता फैमिली के द्वारा किसी ग्रामीण के आंगन में बछड़े का शिकार कर दावत उड़ाते हुए वीडियो वायरल हुआ था। गांव में घर के बाहर आंगन में मवेशियों के रहने के लिए ठिकाना बनाया जाता है उस ठिकाने में चीता फैमिली ने घुसकर सबसे छोटे और कमजोर जानवर को चिन्हित करने के बाद छोटे बछड़े का शिकार कर वहीं दावत उड़ाने लगी। इस दौरान आंगन में खूंटे से बंधी गाय और दूसरा बछड़ा भी दिखाई पड़ रहा था। यह वीडियो परिजनों द्वारा घर के भीतर से बनाया बताया गया है।

#### भैंसे का कटा मास परोसने और बाड़ों में बकरे छोड़ने का दुष्प्रभाव!

कुछ माह पहले जब कूनो नेशनल पार्क में महज दो चीते ही खुले जंगल में थे। बाकी चीते बाड़ों में बंद थे तो उन्हें वहां भैंसे का कटा हुआ मास परोसा जा रहा था। जब उन पर कटे मांस के खाने से आलसी और पालतू होने का खतरा मंडराया तो उनके बाड़ों में बकरे छोड़े गए। बाड़ों में चीते बकरों का शिकार तो करने लगे लेकिन लोगों की नजदीकी ओर उनके द्वारा चीतों को मास ओर बकरे परोसते देख शायद चीते इंसानों को अपना ऐसा हमदर्द मानने लगे जो उन्हें भोजन परोसने का काम करता है। शायद यही कारण है कि चीते जंगल में तेज़ कुलांचे भरने वाले हिरण चिंकारा को दौड़ भागकर पकड़ने के बजाए गांवों में विचरण करने वाले मवेशियों को आसान शिकार और ग्रामीणों को अपना हमदर्द समझ रहे हैं।

#### आसान और हल्के जानवर हैं चीतों का शिकार

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार एक सामान्य चीते की खुराक एक हफ्ते में 20 से 25 किलो के तीन शाकाहारी जानवर होते हैं। चीतों का जबड़ा छोटा होता है, ऐसे में चीतल, सांभर इनके लिए मुफीद शिकार रहता है, पर इनके बजाए चीते कूनो के बाहर आकर ही मवेशियों का शिकार अधिक कर रहे हैं।

#### इनका कहना..

दो चीता शावक कूनों से भटक कर मानपुर क्षेत्र में आ गए थे जिनकी निगरानी चीता मित्रों द्वारा रखी जा रही थी और चीता मित्रों ने ही उन्हें वहां से जंगल की ओर निकाल दिया है। चीते इंसान पर हमला नहीं करते हैं लेकिन इंसानों को उनसे दूरी बनाना भी जरूरी है।

**आर थिरूकुरल**
**डीएफओ कूनो वन मंडल**

---

### पुलिस हाउसिंग बोर्ड करेगा भवन का निर्माण

# पुलिस लाइन रोड पर बनेगा नया एसपी ऑफिस, दो मंजिला होगा भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कलेक्ट्रेट भवन में संचालित हो रहे एसपी कार्यालय के लिए अब नया भवन बनेगा। पुलिस लाइन रोड पर पुराने केन्द्रीय विद्यालय के सामने खाली पडी पुलिस विभाग की भूमि नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन के लिए चिन्हित कर ली गई है। जहां जल्द ही नया पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन बनकर तैयार हो जाएगा। नया भवन दो मंजिला होगा। जिस पर करीब साढे तीन करोड रूपए की राशि खर्च की जाएगी। एसपी कार्यालय भवन का निर्माण पुलिस हाउसिंग बोर्ड करेगा।

दरअसल श्योपुर एसपी कार्यालय के पास अपना खुद का भवन नहीं है। वर्तमान में एसपी कार्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय के संयुक्त भवन में संचालित हो रहा है। पुलिस मुख्यालय से श्योपुर एसपी कार्यालय के नवीन भवन की मंजूरी मिल गई है। पीएचक्यू से मंजूरी मिलने के बाद श्योपुर पुलिस विभाग ने नए एसपी कार्यालय भवन के लिए पुलिस लाइन रोड पर पुराने केन्द्रीय विद्यालय के सामने खाली पडी जमीन चिन्हित कर ली गई है। पुराने केन्द्रीय विद्यालय के सामने जो जमीन खाली पडी है,वह जमीन पुलिस विभाग की है। इसलिए उस भूमि को एसपी कार्यालय भवन के लिए चिन्हित किया गया है।



#### सर्व सुविधा युक्त होगा दो मंजिला होगा भवन

पुराने केन्द्रीय विद्यालय के सामने बनाए जाने वाले श्योपुर के नए एसपी कार्यालय का भवन दो मंजिला होगा जो कि सर्व सुविधा युक्त होगा। बताया गया है कि इस नए भवन में एसपी, एएसपी, डीएसपी हेडक्वार्टर सहित अन्य सभी अधिकारियों के बैठने के लिए अलग अलग चेंबर बनेगे। वहीं पुलिस विभाग की विभिन्न शाखाओं को संचालित किए जाने के लिए भी अलग अलग कक्ष बनाए जाएंगे। यही नहीं, पुलिस अधिकारियों की मीटिंग के लिए भी अलग से कक्ष बनाया जाएगा।

#### इनका कहना

एसपी ऑफिस के लिए नया भवन पुलिस लाइन रोड पर बनेगा। इसकी मंजूरी मिल गई है। पुलिस हाउसिंग बोर्ड के द्वारा भवन का निर्माण किया जाएगा।

**वीरेन्द्र जैन**
**एसपी,श्योपुर**

---

### ढोटी बगवाडा के बीच क्षतिग्रस्त हुई चंबल नहर की अभी तक नहीं हुई मरम्मत

# चंबल नहर की मरम्मत न होने से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



विगत 8 जुलाई से ढोटी और बगवाड़ा के मध्य क्षतिग्रस्त हुई चंबल दाहिनी मुख्य नहर की मरम्मत का काम अभी तक भी शुरू नहीं हो सका है। इससे नाराज क्षेत्र के किसानों ने रविवार को किसान नेता राधेश्याम मीणा की अगुवाई में क्षतिग्रस्त स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए प्रशासन को चेतावनी भी दे डाली कि चंबल नहर की मरम्मत का काम जल्द शुरू नहीं किया गया तो इसके विरोध में सडक पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

किसान नेता राधेश्याम मीणा ने कहा कि चंबल नहर का क्षतिग्रस्त होना विभागीय लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जल संसाधन विभाग परियोजना की असफलता छिपाने के लिए किसानों को सिंचाई हेतु पानी नहीं देना चाहता। नहर टूटने से किसानों की धान की फसलें सूखने की कगार पर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो क्षेत्र के किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व शासन और प्रशासन का होगा। इस मौके पर डॉ. बृजेश मीणा सोंठवा, डैनी मीणा गोहेड़ा, देवकी ढोटी, निरंजन ढोटी, गिर्राज, भूरिया, बल्लू सहित कई किसान मौजूद रहे। उधर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि चंबल नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत किए जाने के लिए शासन की ओर से टेंडर प्रकिया की जा रही है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही चंबल नहर की मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा।

---

# मामूली बारिश में ही फिर नजर आई शहर में जल भराव जैसी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रविवार को हुई बारिश के दौरान शहर में फिर जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई। मैन बाजार,टोडी गणेश बाजार और पुल दरवाजा क्षेत्र में पानी इतना अधिक भर गया जिससे दुकानदारों में घबराहट फैल गई। सामान ऊपरी स्थान पर रखने की कवायद की जाने लगी गनीमत यह रही की बारिश रविवार को हुई इसलिए अधिकतर दुकानें बंद थी और सड़क पर भी अधिक आवागमन नहीं था नहीं तो परेशानी अधिक उठानी पड़ती। उधर नगरपालिका परिषद ने इस जल भराव की समस्या से निजात पाने के उद्देश्य से परिषद् की बैठक में प्लानिंग को स्वीकृति के लिए रखा है, देखने वाली बात यह है कि अध्यक्ष की प्लानिंग क्या होगी जो जल भराव की स्थिति से बचाएगी।

रविवार को दोपहर 3:00 के आसपास बारिश खूब बरसी लेकिन इतनी अधिक भी नहीं थी कि जिससे जल भराव की स्थिति निर्मित हो लेकिन शहर के बाजारों में जल भराव की स्थिति देखी गई। कई दुकानों में पानी तक भर गया। दुकानदारों का कहना है कि इस साल जितना अधिक पानी दुकानों में भरा है उतना पहले नहीं भरता था। लोगों का कहना है कि एनएचआई द्वारा जो सड़क निर्माण की जा रही है उसकी वजह से भी नालों का पानी शिवपुरी रोड से मैन मार्केट में आ रहा है जिससे बाजार में जल भराव की स्थिति पहले के मुकाबले अधिक निर्मित हो रही है। मैन बाजार में जहां दुकानदार अपनी दुकानों के शटर लगाकर सामान बचाते दिखे वहीं पुल दरवाजा पर बाइक बहने की घटना भी सामने आए हालांकि लोगों ने बाईक और उनके सवारों को बचा लिया लेकिन इस तरह की स्थिति इस क्षेत्र में बारिश के समय हमेशा ही निर्मित होते ही रहती है।



#### बैठक में बताएगी नपाध्यक्ष कैसे खत्म होगी जल भराव की समस्या

नगर पालिका परिषद की बैठक सीएमओ आरआर यादव ने नपाध्यक्ष के निर्देश पर आहूत कर ली है। नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर के निर्देश पर विकास का जो एजेंडा जारी किया गया है उसमें शहर को जल भराव की स्थिति से बचाने का भी बिंदु शामिल किया गया है अब शहर को जल भराव की स्थिति से बचाने के लिए नपाध्यक्ष के हाथ कौन सा अल्लादीन का चिराग हाथ लग गया इसकी जानकारी तो पार्षदों को भी नहीं है फिलहाल इस पर कयास ही लगाए जा रहे हैं। नपा अध्यक्ष इस फार्मूले को परिषद की बैठक में ही उजागर करेगी लेकिन प्लानिंग क्या है इस संबंध में जानकार बता रहे हैं कि शायद उनकी शहर को बड़ी सीवर लाइन से जोड़ने के प्लानिंग भी हो सकती है जो मीरा रमेश गर्ग की परिषद द्वारा स्वीकृत भी हो चुकी थी, संभतः उसी प्लानिंग की अब संशोधित डीपीआर तैयार कर स्वीकृति के लिए सरकार को भेजी जाएगी।

---

# कराहल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भुजरिया पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कराहल वनांचल मे भुजरिया पर्व रविवार को बडी धूमधाम के साथ मनाया गया।बैंडबाजो के साथ पूजा अर्चना कर निकाले गए चल समारोह में शामिल होकर महिला पुरूष और बच्चे नाचते और लोक गीत गाते हुए नदियों तालावो के घाटों पर पहुंचे। जहां अच्छी फसल होने और जीवन में खूब सुख-समृद्धि आने की कामना के साथ भुजरिया का विर्सजन किया गया। दरअसल भुजरिया पर्व की शुरुआत रक्षाबंधन से करीब एक सप्ताह पूर्व होती है. महिलाएं गेहूं को किसी पात्र में मिट्टी में डाल देती हैं, और कुछ दिनों बाद गेहूं के पौधे उग आते हैं, जिन्हें भुजरिया कहा जाता है. इन भुजरियों की पूजा अर्चना की जाती है और भगवान से प्रार्थना की जाती है कि इस साल अच्छी बारिश हो, जिससे अच्छी फसल हो सके। और फिर रक्षाबंधन के बाद इनका नदी तालाबो में चल समारोह के साथ विर्सजन किया जाता है। रविवार को भुजरिया सिराने के बाद वापस अपने गांव और बस्तियों में लौटकर लोगो ने एक दूसरे को भुजरिया देकर भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं दी।

---

### विजयपुर थाना क्षेत्र का मामला, गोली मारने के बाद फरार हो गए आरोपी

# रिश्तेदारी में जा रहे चाचा भतीजे को रास्ते में घेरकर पीटा, गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

ग्राम गढी निवासी चाचा भतीजे को उस समय नामजद लोगो ने घेरकर मारपीट करते हुए गोली मार दी,जब वे बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। गोली चाचा के हाथ में लगी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। घायलों को इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया। शनिवार की रात को यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र स्थित पार्वती बडौदा गांव की पुलिया के पास का है। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

विजयपुर टीआई राकेश शर्मा ने बताया कि दोनो पक्षों के बीच करीब छह सात माह पुराने लडकी भाग जाने संबंधी मामले को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार को जब ग्राम गढी निवासी दुर्गेश धाकड और उसका चाचा लाखन धाकड जब रिश्तेदारो के यहां पार्वती बडौदा गांव में बाइक पर सवार होकर जा रहे थे,तभी पार्वती बडौदा गांव की पुलिया के पास उन्हें दूसरे पक्ष के तीन लोगों ने घेर लिया और उनकी मारपीट कर दी। यही नहीं,उन पर गोली भी चला दी। गोली लाखन धाकड के हाथ में लगी। जिसे घायल अवस्था में इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां से उसे ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया। इस मामले में दुर्गेश धाकड निवासी गढी की रिपोर्ट पर रामलखन धाकड, हाकिम धाकड निवासी पार्वती बडौदा, संजीव धाकड निवासी बैनीपुरा के खिलाफ हत्या का प्रयास और मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

---

### 0.5 से 1 एकड़ भूमि में करेंगे फलोद्यान का विकास, अब तक 284 ने कराया पंजीयन

# समूह से जुडी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी 'मां की बगिया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

स्व सहायता समूह से जुडी पात्र महिलाओं को चिन्हित कर उनकी निजी भूमि पर उद्यानिकी पौधरोपण कर उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। इसके लिए शासन की ओर से मां की बगिया नाम से एक अभियान शुरू किया गया है। बताया गया है कि आजीविका मिशन को इस अभियान को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी शासन की ओर से सौंपी गई है। इस अभियान के तहत श्योपुर जिले को 300 महिला हितग्राहियों का चयन किए जाने का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य की पूर्ति किए जाने के लिए जिले के तीनों ब्लॉको से 100-100 महिला हितग्राहियों का चयन किया जाएगा।

इन महिलाओं के नाम से या फिर परिवार के सदस्यों की भूमि पर उनकी सहमति से 0.5 से 1 एकड़ भूमि में फलोद्यान विकसित किया जाएगा। इसके लिए उपयुक्त स्थल का चयन सिपरी एप की मदद से किया जाएगा। एप के माध्यम से चिन्हित उपयुक्त स्थल पर ही परियोजना के अंतर्गत कार्य स्वीकृत होंगे। साथ ही पौधरोपण का यह कार्य ऐसे स्थल पर किया जाएगा जहां पानी के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों। इसके अलावा पौधों की सिंचाई के लिए 50 हजार लीटर के जलकुण्ड का प्रावधान किया गया है। जिले में एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत 15 अगस्त से 15 सितबर के बीच पौधरोपण किया जाएगा।



#### तीनों ब्लॉक से चिन्हित कर रहे हितग्राही

आजीविका मिशन ने एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत फलोद्यान के लिए हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए श्योपुर जिले को तीनों ब्लॉकों से कुल 300 महिला हितग्राहियों का चयन कर उनका पंजीयन किए जाने का लक्ष्य दिया गया है। बताया गया है कि अब तक जिले से 243 महिला हितग्राहियों का पंजीयन हो चुका है। अन्य महिला हितग्राहियों का भी चयन किया जा रहा है।

#### शासन से मिलेगी मदद, कृषि सखी देंगी सलाह

एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत विकसित किए जाने वाले फलोद्यान की सुरक्षा के लिए कटीले तारों की फेंसिंग की जाएगी। साथ ही पौधरोपण के इस अभियान से रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस कार्य के लिए शासन स्तर से आवश्यक मदद मुहैया कराई जाएगी। पौधरोपण में कार्य करने वाले सदस्यों को मनरेगा योजना के तहत भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर फलोद्यान के प्रबंधन के लिए आजीविका मिशन की कृषि सखी उपलब्ध होंगी। वह फलोद्यान के प्रबंधन में हितग्राहियों की मदद करेंगी। साथ ही फलोद्यान के साथ हितग्राहियों को अंतरवर्तीय खेती के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

#### ब्लॉक वार चयनित महिलाएं

| ब्लॉक | लक्ष्य | पंजीयन |
|---|---|---|
| कराहल | 100 | 103 |
| विजयपुर | 100 | 110 |
| श्योपुर | 100 | 30 |
| योग | 300 | 243 |

#### इनका कहना..

एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत समूह की महिला हितग्राहियों का चयन कर उनकी भूमि पर फलोद्यान विकसित कराना है। इसके लिए शासन स्तर से मनरेगा योजना के तहत मदद मिलेगी। फलोद्यान से समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी।

**सोहनकृष्ण मुदगल**
**डीपीएम एनआरएलम श्योपुर**

---

# चाची ने कहा गाने कम आवाज में बजाओ तो भडके भतीजे ने कर दी लाठी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कम आवाज में गाने बजाने की समझाइस देना एक चाची को भारी पड गया। क्योंकि इस समझाइस पर भतीजा इतना भडक गया कि उसने लाठी से चाची की मारपीट कर दी,जिससे उसका हाथ चोटिल हो गया। यह मामला ढोढर थाना क्षेत्र के गांव खिरखिरी का है। पुलिस ने भतीजे पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि ग्राम खिरखिरी में बीती शाम को राजू जाटव तेज आवाज में गाने बजा रहा था। जिस पर उसकी चाची फूलो जाटव ने एतराज जताया और समझाइस देते हुए कहा कि गाना बजाना है तो कम आवाज बजाओ। इतनी तेज आवास में नहीं। चाची की यह समझाइस भतीजे राजू को इतनी बुरी लगी कि उसने गाली गलौच करते हुए चाची की लाठी से मारपीट कर दी,जिससे चाची का हाथ चोटिल हो गया। इस मामले में ढोढर थाना पुलिस ने फूलो जाटव की रिपोर्ट पर राजू के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

#### जमीन के बंटवारे की बात पर भाईयों के बीच झगडा

कराहल थाना क्षेत्र के गांव उपरीखोरी में दो भाईयों के बीच जमीन के बंटवारे की बात को लेकर रविवार को विवाद हो गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम उपरीखोरी निवासी देवी किशन आदिवासी और तेर सिंह आदिवासी आपस में सगे भाई है। रविवार को इनके बीच जमीन के बंटवारे की बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि तेर सिंह आदिवासी ने गाली गलौच करते हुए देवी किशन की मारपीट कर दी। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

#### पुरानी रंजिश पर आदिवासी युवक को सरिया मारकर किया जख्मी

श्योपुर।कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव ढेंगदा में रविवार को पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में नामजद आरोपी ने एक आदिवासी युवक की सरिए से मारपीट कर दी,जिससे आदिवासी युवक घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम ढेंगदा निवासी गोकुल आदिवासी ने कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रविवार को शाम के समय जब अपनी बहन को छोडने के लिए जा रहा था,तो वह रोशन गुर्जर की दुकान पर पुडिया लेने के लिए रूक गया,जहां पुरानी रंजिश पर दुकानदार रोशन गुर्जर ने मुझे देखकर जाति सूचक गाली देना शुरू कर दिया। गालियां देने से मना किया तो रोशन ने दुकान के अंदर से सरिया निकालकर उससे मेरी मारपीट कर दी। सरिए के वार से गोकुल जख्मी हो गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने रोशन गुर्जर के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा की अंतिम तिथि 13

**शिवपुरी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पनघटा (नरवर) में सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि 29 जुलाई थी जिसे बढ़ाकर 13 अगस्त कर दी गई है। ऑनलाईन आवेदन हेतु वेबसाईट पर जा सकते हैं।

### इन क्षेत्रों में आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी।** आवश्यक रखरखाव होने के कारण 11 के. व्ही. नीलघर चौराहा तथा 33 केव्ही चन्दौरिया फीडर पर संबंधित क्षेत्रों में 11 अगस्त को विद्युत प्रभाव बंद रहेगा। उक्त फीडरों के बंद रहने से प्रातः 09 बजे से दोपहर 0बजे तक गोविन्द नगर, तलैया मोहल्ला, नीलघर चौराहा, दीनदयाल पुरम, अहीरपुरा, राजपुरा रोड, छोटा लुहारपुरा, गणेश गली, गुलम्बर, तारकेश्वरी कालोनी, बडा बाजार, मानक चौक, बजरिया मोह. कटरा मोहल्ला आदि संबंधित क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसी प्रकार 33 केव्ही चन्दौरिया फीडर के बंद रहने से सुबह 10 से शाम 04 बजे तक 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र चंदौरिया एवं रमतला से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के आवेदन 20 तक मांगे

**शिवपुरी।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीन आवेदन हेतु संचालित एमपीटास पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 पर विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन भरने हेतु पोर्टल एक बार पुनः खोला गया है। आनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 20 अगस्त है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि ऑनलाईन छात्रवृति हेतु जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय/आई.टी.आई. में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के जिन छात्र-छात्राओं द्वारा एमपीटास पोर्टल पर पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीन आवेदन ऑनलाइन नही भरे गये है ऐसे सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा आवेदन समयावधि में अनिवार्य रूप से भरे दिये जाये। साथ ही जिले की समस्त महाविद्यालयीन संस्थाएं अपनी संस्था में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सूचित करे तथा समयावधि में छात्रवृत्ति आवेदन भरवाना सुनिश्चित करे।

### 14 तक पॉलीटेक्निक में काउंसलिंग की अंतिम तिथि

**शिवपुरी।** तकनीकी शिक्षा के अन्तर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक छत्री रोड़ शिवपुरी में पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में 10वीं एवं 12वीं से प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन की पंजीकरण की अंतिम तिथि 14 अगस्त तक है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में रिक्त सीट कंप्यूटर विज्ञान एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग की शेष है। 12वी से सीधे प्रवेश में कक्षा 12 में गणित विषय होना चाहिए और आईटीआई से प्रवेश के लिए आईटीआई 2 वर्ष का होना चाहिए। प्रवेश पंजीकरण हेतु वेबसाइट पर चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संस्था में जानकारी हेतु 10:30 से 5 बजे तक मिलने आ सकते हैं।

---

#### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2025 के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ी

# अऋणी कृषकों को 14 और ऋणी अन्नदाताओं के लिए 30 तक फसल बीमा कराने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 की फसलों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथियों में संशोधन किया गया है। अब अऋणी कृषक 14 अगस्त तक तथा ऋणी कृषक 30 अगस्त तक फसल बीमा करवा सकेंगे। पूर्व में ऋणी कृषकों के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसे अब बढ़ाकर 30 अगस्त कर दिया गया है। जिन कृषकों ने बैंकों से केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया है, उनका फसल बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जाना है। यदि किसी कारणवश बैंक द्वारा फसल बीमा नहीं किया गया है, तो ऐसे कृषक बैंक शाखा में संपर्क कर स्वयं बीमा की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

### अऋणी कृषक ऐसे कराएं फसल बीमा



वे कृषक जिनका केसीसी ऋण कालातीत (डिफॉल्टर) हो गया है, उन्हें भी अऋणी कृषक की श्रेणी में फसल बीमा कराने की सुविधा दी गई है। ऐसे कृषक जो अभी तक फसल बीमा से वंचित हैं, वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए शीघ्र ही नजदीकी बैंक शाखा (जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक) या जन सेवा केंद्र (उरउ), टढडल्ल'रल्ली केंद्रों पर जाकर बीमा करवा सकते हैं। इससे आपदा की स्थिति में उन्हें भी बीमा योजना का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

### फसल बीमा कराने के लिए जरूरी दस्तावेज

फसल बीमा कराने हेतु आवश्यक दस्तावेजों में एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकृत कृषक आई.डी., आधार कार्ड, जो मोबाइल नंबर से लिंक हो, जमीन यदि सिकमी (बटाई पर) है, तो उसका शपथ पत्र, भू-अधिकार ऋण पुस्तिका, बैंक विवरण / पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र (स्वप्रमाणित या पटवारी/पंचायत सचिव से जारी) तथा शिवपुरी जिलें के लिए खरीफ हेतु निर्धारित बीमित राशि का 2% प्रतिशत प्रति हेक्टेयर प्रीमियम के साथ जमा कर फसल बीमा करवा सकते हैं। कृषकों को सलाह दी जाती है कि वे खरीफ 2025 में बोई गई फसलों का बीमा अनिवार्य रूप से कराएं ताकि प्राकृतिक आपदा, मौसम की अनियमितता या अन्य कारणों से फसल क्षति की स्थिति में उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्षतिपूर्ति प्राप्त हो सके।

### उन्नतशील कृषकों को मिलेगा पुरस्कार आवेदन 15 तक किए गए आमंत्रित

**शिवपुरी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा)₹ योजना के अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2024-25 हेतु राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस योजना के तहत जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 25,000 एवं विकास खण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 10,000 की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में नवीन कृषि तकनीकी अपनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उन्नतशील कृषकों को प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार हेतु पात्र कृषकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे कृषक जिन्होंने वैज्ञानिक विधियों से कृषि उत्पादन में नवाचार किया है और तकनीकी अंगीकरण को अपनाकर उल्लेखनीय कार्य किया है, वे समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन 15 अगस्त 2025 तक अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप विकासखण्ड स्तर पर बीटीएम (आत्मा)/एसएडीओ कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। गत वर्षों में इस योजना के अंतर्गत चयनित कृषक इस बार आवेदन के पात्र नहीं होंगे, ताकि अन्य कृषकों को भी तकनीकी नवाचार हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। कृषि विभाग ने जिले के सभी उन्नत कृषकों से आग्रह किया है कि वे योजना का लाभ उठाएं एवं समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत करें।

---

## अग्निवीर सेना भर्ती के सातवें दिन 774 में से 412 युवाओं ने दौड़ में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



भारतीय सेना में भर्ती हेतु शिवपुरी में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के सातवें दिन, मध्यप्रदेश के श्योपुर एवं मुरैना जिलों के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान कुल 774 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें से 412 युवाओं ने दौड़ की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। अब तक इस भर्ती रैली में कुल 4,827 युवा सम्मिलि हो चुके हैं। मध्यप्रदेश के युवाओं में भारतीय सेना में शामिल होने के प्रति गहरा उत्साह, जुनून और जज्बा देखने को मिल रहा है।

भर्ती प्रक्रिया जिला प्रशासन शिवपुरी एवं सेना भर्ती कार्यालय ग्वालियर के संयुक्त सहयोग से सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही है।भर्ती रैली में युवाओं को यह भी अवगत कराया गया कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर होती है। अतः अभ्यर्थियों से अपील है कि किसी भी जालसाज या अनधिकृत व्यक्ति के बहकावे में न आएं।

---

कई घंटों लगा रहा जाम, रेलवे लाइन का लेना पड़ा सहारा

## शनिवार को 2 घंटे में 6 इंच बारिश खिमलासा अंडरब्रिज में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



कई दिनों से रुकी हुई बारिश शनिवार को जमकर बरसी। केवल 2 घंटे में करीब 6 इंच बारिश होने के कारण नदी नाले उफान पर आ गए। एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्र का संपर्क शहर से कट गया। खिमलासा गेट स्थित अंडरब्रिज में बारिश का पानी भरा होने के कारण अंडरब्रिजों के दोनों वाहनों की लंबी कतारें लग गई और कई घंटे तक राहगीर जाम में फंसे रहे और परेशान होते रहे।

शनिवार दोपहर करीब 2 घंटे में 152.6 एमएम यानी करीब छह इंच बारिश से होने से खिमलासा गेट स्थित अंडरब्रिज में करीब 3 फीट पानी भर गया। मोटर साइकिल, कार, ऑटो बंद होने से दोनों तरफ लंबा जाम लगा रहा है, जिससे 3 घंटे लोग परेशान हुए। कुछ वाहन चालकों ने अपने वाहन पानी में से निकाल दिए, जिसमें पानी भरने से बंद हो गए।

**जाम में एंबुलेंस भी फंसा:** जाम में एंबुलेंस सहित 100 डायल वाहन भी फंस गया। जिसे निकालने के लिए पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ी। जाम में फंसे होने से कई बहनें भाईयों को राखी बांधने देरी से पहुंच सकीं। वहीं कई महिलाएं सिर पर सूटकेश, बैग रखे हुए रेलवे पटरियों को पार करती हुइए नजर आई।

**मोतीचूर, सिलार नदी फिर उफान पर:** दो घंटे में छह इंच बारिश होने के कारण नगर से निकली मोतीचूर नदी उफान पर आने से कुछ देर के लिए देहरी रोड बंद रहा। वहीं, सिलार नदी उफान पर आने से गड़ा पड़रिया मार्ग बंद होने से रक्षाबंधन के त्यौहार पर भी लोग परेशान होते रहे। भारी बारिश के मुख्य मार्गों सहित निचली जगहों पर पानी का भराव हो गया था।

---

## रक्षाबंधन पर हजारिया महादेव को पहनाई भक्तों ने बड़ी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

बस स्टैंड के पास कुटी मंदिर में विराजमान हजारिया महादेव को रक्षाबंधन पर्व पर परमार्थ सेवा संगठन के सेवा मित्रों एवं भक्तों के द्वारा रक्षाबंधन दिवस पर बड़ी राखी पहनाई गई। सर्वप्रथम बाबा का श्रृंगार पुष्पों से किया गया। पुजारी पं. नितेश तिवारी ने भगवान का पूजन आरती की एवं राखी का भी पूजन किया। कार्यक्रम संयोजक उमेश शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार उज्जैन में महाकाल बाबा को राखी पहनाई जाती है। उसी प्रकार कुटी मंदिर में हजारिया महादेव को बड़ी राखी पहनाई। इस रक्षा सूत्र में बाबा से सभी की रक्षा करने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर सभी भक्तों ने मंदिर में ऊँ नमः शिवाय का कीर्तन भी किया। इस अवसर पर उदल सिंह यादव, डालचंद पटेल, धर्मेंद्र नामदेव, प्रमोद राय, प्रशांत दुलगज, बृजेन्द्र गोस्वामी, प्रदीप कुशवाहा, अजय सेन एवं उमेश शर्मा के साथ साथ अन्य भक्त भी उपस्थित रहे।

---

#### कुशवाहा समाज ने धूमधाम से मनाई लव कुश जयंती

## हमें मां सीता के त्याग व तपस्या से शिक्षा लेना चाहिएः शांति बाई



**बीना।** भगवान श्री लव कुश जन सेवा समिति, कुशवाहा समाज नगर एवं ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के द्वारा भगवान लव कुश का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रताप वार्ड स्थित लवकुश मंदिर में श्रावण मास की पूर्णिमा पर पूजन अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अतिथि शांति बाई कुशवाहा प्रदेश मंत्री कुशवाहा महासभा, पूर्व पार्षद कृष्णा कुशवाहा, खुरई जनपद सदस्य शिवराज सिंह कुशवाहा, जनपद प्रतिनिधि भरत सिंह कुशवाहा, शशि कुशवाहा ने पूजन अर्चना कर उपस्थित सभी ने भगवान की महाआरती कर भगवान की जयकारे लगाएं। इसके उपरांत अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर शांति बाई कुशवाहा ने कहा कि हमें माता सीता की त्याग एवं तपस्या से शिक्षा लेना चाहिए। कठोर परिस्थितियों में भी अपने बच्चों को संस्कार बान बनाया।

---

## सड़क हादसे गोवंश के लिए बने काल का गाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा



सड़क दुर्घटना में गौ माता छोटी छोटी बच्चियों उसके बच्चे सड़क हादसे में मोटे हो रही हैं। झांसी से लेकर शिवपुरी तक केंद्र से लेकर राज्य तक केंद्रीय मंत्री राज्य मंत्री प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सभी माननीय महोदय केंद्र सरकार राज सरकार सड़क पर गोवंश की जो मौतें हो रही हैं सरकारें भी देख रही हैं यह हमारी भारत की गौ माता है हीरो की फिल्म नहीं की 3 घंटे में खत्म हो जाए यह गौ माता है इसका ध्यान हमें करना चाहिए केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार हो इनके पास पावर है ।

मुख्यमंत्री चाहेंगे दिनारा में गौशाला गांव में सुबह से शाम नहीं होगी और गौशाला की नहीं रख दी जाएगी सिर्फ एक आदेश की जरूरत है ।

मुख्यमंत्री में इतना पावर होता है आज की यह घटना है दिनारा में दो गायों की मौत लक्ष्मण सेठ के सामने दो गायों की मौत थदर चौकी पर दो गायों की मौत काली पहाड़ी पर तीन गायों की मौत करेरा में दो गायों की सलैया दो गायों की मौत अमोल तीन गायों की मौत गायों की संख्या बाढ़ नहीं रही बल्कि घट रही है इसकी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि विधायक सांसद जनपद अध्यक्ष सरपंच इनकी जिम्मेदारी है एक दिन ऐसा आएगा गौ माता देखने को नहीं मिलेगी।

---

## चुनरी भेंटकर मनाया गया मां गंगा का प्रकट उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

दिनारा कस्बे में रविवार को गौ सेवक कल्लू महाराज के नेतृत्व में मनाया गया। मां गंगा का प्रकट उत्सव, चुनरी भेंट की गयी। अशोक होटल, पिछोर तिराहा स्थित हनुमान जी के मंदिर में सावन के महीने में मंदिर पर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। जिसमें भक्तों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पूर्णमासी के दिन बड़ी संख्या में लोगों ने पैदल चल कर स्थानीय एतिहासिक तालाब में माँ गंगा को चुनरी भेंट कर लोककल्याण और गौमाता के संरक्षण की सामुहिक प्रार्थना की गयी।पार्थिव शिवलिंग निर्माण का संकल्प गौ सेवक महाराज ने पिछले साल से तालाब भरे और गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए इस संकल्प से आरंभ किया गया।

---

## 22वां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व वार्षिकोत्सव 16 को मनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



विगत 28 वर्षों से श्री राम भक्त परिवार लगातार हर शनिवार को निःशुल्क सुंदरकांड पाठ करता आ रहा है । साथ ही साथ 22 वर्षों से श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम श्री चिंताहरण दरबार पर आयोजित करता चला आ रहा है ।

इस क्रम में 22वें श्री कृष्ण जन्मोत्सव/ वार्षिकोत्सव में दिनांक 16 अगस्त शनिवार को सर्वप्रथम श्री रामचरितमानस अखंड पाठ प्रातः 8:00 बजे से शुरुआत होगी।इसी क्रम सांय 5:00 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जा रहा है उसके साथी साथ एक भजन संध्या सांय 7:00 बजे से रखी गई है और भजनों को आनंदित कराने वाले श्रीश्याम म्यूजिकल ग्रुप को आमंत्रित किया गया है । जिसमें मुख्य आकर्षण का केन्द्र भजन ₹ये चमक ये दमक,फुलवन मां महक सब कुछ सरकार तुम्हई से है₹ होगा जो -सुनना ना भूलें। और रात 12:00 बजे से श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

दूसरे दिन 17 अगस्त रविवार को वार्षिकोत्सव का समापन हवन शांति पूर्णाहुति प्रातः 10:30 बजे से होगी। अंत में भंडारा प्रसादी वितरण दोपहर 12:30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल श्री चिंताहरण मंदिर, छत्री रोड़ पर रहेगा। अतःश्री राम भक्त परिवार शिवपुरी की ओर से सभी धर्म प्रेमियों से निवेदन है कि जन्मोत्सव के इस भव्य आयोजन में सपरिवार अपने इष्ट मित्रों के साथ वातावरण को आनंदित कर धर्म लाभ ले।